>

Title: Need to construct an overbridge at Raigarh Bus Stand on NH- 8 in Sabarkantha Parliamentary Constituency, Gujarat.

श्री महेन्द्रसिंह पी. चौहाण (साबरकांठा): मेरा संसदीय क्षेत्र साबरकांठा गुजरात राजय में से राष्ट्रीय राजमाग नं0 8 गुजरता है। इस राष्ट्रीय राजमार्ग को कुछ साल पहले चार लेन वाला बनाया गया है। अब इसे दिल्ली से अहमदाबाद तक छह लाइनों वाला राष्ट्रीय राजमार्ग बनाये जाने का प्रावधान आया है। इस छह लाइनों वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर आने वाले स्टेशनों (जंक्शन) पर आवागमन हेतु ऊपरी पुल एवं अंडर ब्रिज बनाने का प्रावधान रखा गया है। लेकिन मेरे संसदीय क्षेत्र में शामलाजी और हिम्मतनगर के बीच रायगढ़ स्टेशन (जंक्शन) आता है, जो बड़ा व्यापारिक एवं शैक्षणिक केन्द्र है। इस स्टेशन के सामने हाईस्कूल, रेलवे स्टेशन, मकान, खेत एवं अन्य बड़े गांवों में जाने की पक्की सड़क है। इन सभी कारणों से रायगढ़ स्टेशन पर एक ऊपरी पुल बनाना आवश्यक है, नहीं तो लोगों को बहुत दिक्कत होगी। इस संबंध में स्थानीय लोग इस ऊपरी पुल के लिए आंदोलन भी कर सकते हैं।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि जब इस क्षेत्र में छह लाइनों वाला राष्ट्रीय राजमार्ग बनाया जाये तो उसमें रायगढ़ स्टेशन (जंक्शन) पर एक ऊपरी पुल बनाने का प्रावधान जनहित में अवश्य करें।